उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) जी, हां ।

(ख) लघु उद्योग विकास संगठन (सीडो) के कार्यक्षेत्र में आने वाले लघु उद्योगों में उत्पादन के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं ।

वर्ष	वर्तमान मूल्यों पर उत्पादन (रुपये करोड़ों में)
1990-91	155340
1993-94	241648

(ग) जी, हां ।

(घ) सीडो के कार्यक्षेत्र में आने वाले लघु उद्योगों द्वारा किये गये निर्यात के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:-

वर्ष	लघु उद्योगों द्वारा किया गया निर्यात (रुपये करोड़ों में)
1990-91	9664
1993-94	24149(अ)

अ--अनंतिम

(ङ) जी, हां ।

सीडो के कार्यक्षेत्र में आने वाले लघु उद्योगों में नियोजित व्यक्तियों की संख्या नीचे दी गई है:--

वर्ष	रोजगार (लाख संख्या)
1990-91	125.30
1993-94	139.38

बड़े और मध्यम उद्योगों में उत्पादन

1593. श्रीराम जेठमलानी :
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1990-91 से 1993-94 तक देश में बड़े और मध्यम उद्योगों के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 और 1993-94 के दौरान उत्पादित उत्पादों का मूल्य क्या है ;

(ग) वर्ष 1990-91 और 1993-94 के दौरान इन उद्योगों द्वारा कितने मूल्य के उत्पादों का निर्यात और आयात किया गया है ; और

(घ) वर्ष 1990-91 और 1993-94 के दौरान इन उद्योगों में कितने व्यक्ति कार्यरत थे ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री : (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) जी, हां । औद्योगिक उत्पादन के हाल ही के सूचकांक के अनुसार कुल औद्योगिक उत्पादन में 1990-91 में 8.3%, 1991-92 में 0.6%, 1992-93 में 2.3% और 1993-94 में 4.4% वृद्धि हुई । चालू वित्तीय वर्ष में औद्योगिक उत्पादन में अप्रैल-नवम्बर, 1994 में 8.7% तक वृद्धि हुई है ।

(ख) नवीनतम वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, 1990-91 के अनुसार, 50 लाख रुपए से ज्यादा संयंत्र और मशीनरी के कुल मूल्य वाले कारखानों के समग्र उत्पादन का कुल मूल्य 212341 करोड़ रुपये था ।

(ग) निर्यात और आयात के कुल मूल्य संबंधी आंकड़े संलग्न विवरण में दिये गये हैं । (नीचे देखिये) बड़े और मझौले उद्योगों के लिये अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।

(घ) वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, 1990-91 के अनुसार, 50 लाख रुपये से ज्यादा संयंत्र और मशीनरी में निवेश के कुल मूल्य वाले कारखानों में कर्मचारियों की कुल संख्या 5.21 मिलियन थी :

विवरण

1990-91 से 1993-94 के दौरान आयात-निर्यात संबंधी आंकड़े

(रुपए करोड़ में)

वर्ष	निर्यात का कुल मूल्य	आयात का कुल मूल्य	निर्माणकारी निर्यात का मूल्य
1990-91	32553	43193	23542
1991-92	44042	47851	31932
1992-93	53688	63375	40706
1993-94	69751	73101	51816

लघु उद्योगों में निवेश

1594. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लघु उद्योगों में बड़े और मध्यम उद्योगों की तुलना में कम पूंजी निवेश किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ; और

(ग) वर्ष 1990-91 और 1993-94 के दौरान लघु औद्योगिक क्षेत्र और बड़े तथा मध्यम औद्योगिक क्षेत्र में क्रमश: कितनी पूंजी निवेश की गई थी ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Payment of royalty by subsidiaries of foreign companies

1595. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:
SHRI GAYA SINGH:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government are considering a proposal to allow the payment of royalty by fully-owned subsidiaries of foreign companies; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) and (b) Various aspects of foreign investment policy are considered from time to time. No specific decision has been taken in regard to payment of royalty by fully owned subsidiaries of foreign companies.

Production of radial tyres

1596. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:
SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the capacity of the tyre manufacturing companies in the